एक नजर में

लेखापाल संतोष बघेल का निधन

गंधवानी। निप्र गंधवानी विकासखंड शिक्षा कार्यालय में पदस्थ लेखपाल संतोष बघेल का सोमवार निधन हो गया अंत्येष्टि नर्मदा तट कसरावत बड़वानी में की गई बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दिए कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे संतोष बघेल विनम्र और सेवाभावी व्यक्तित्व के थे इसलिए उनकी छवि सभी लोगों में अच्छी थी। अंतिम यात्रा में उनके स्टाफ और अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए

विहिप की बैठक में जिले की नई समिति का किया गठन

झाबुआ। विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत की तीन दिवसीय बैठक श्री महाकाल की नगरी उज्जैन में संपन्न हुई। बैठक में विहिप के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की सहमति से झाबुआ जिले की नई जिला समिति का गठन किया गया। जिसमें संत कमलसिंह महाराज को विहिप का मालवा प्रांत उपाध्यक्ष एवं धर्मप्रसार विभाग झाबुआ, जिलाध्यक्ष आजाद प्रेमसिंह डामोर, जिला मंत्री कैलाश भाबोर, जिला संयोजक, बजरंग दल बादल प्रजापत, जिला सह-संयोजक पानसिंह भाबोर सहित अन्य सभी दायित्वों का नियोजन किया गया। सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया गया है।

त्रिपदी परिवार का गुरु पूर्णिमा महोत्सव संपन्न

इंदौर. श्री नाना महाराज तराणेकर संस्थान में त्रि-दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ. शिष्यों का ऐसा मानना है कि श्री नाना महाराज तराणेकर साक्षात दत्तावतार ही थे. उनकी अनुभूति अखंड है और हमेशा उनके शिष्यों को उनकी सूक्ष्मरूप में मौजूदगी का एहसास कराती है. प्रथम दिवस गुरु मंत्र दीक्षा, वैदिक शांतिपाठ एवं शास्त्रीय संगीत सभा के साथ हुआ. द्वितीय दिवस पर ऋग्वेद एवं यजुर्वेद शाखाओं के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वेदोक्त सूक्तों का सामूहिक वेदपाठ किया गया. इसके पश्चात महापूजा, अभिषेक, प्रात: प्रभाती उपासना, श्री गुरुगीता पाठ एवं महाप्रसाद का आयोजन हुआ. सायंकाल में भव्य महाआरती एवं त्रिपदी प्रार्थना के बाद रात्रि में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ. देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु उपस्थित हुए. इस अवसर पर संस्थान के प्रमुख डॉ. बाबासाहेब तराणेकर ने गुरुगीता ग्रंथ पर सारगर्भित प्रबोधन प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया.

अस्वीकृत बीमा दावों की उलझन सुलझाएगा निदान

इंदौर. बीमा पॉलिसीधारकों के लंबित, अस्वीकृत और आंशिक रूप से स्वीकृत बीमा दावों के समाधान के उद्देश्य से कार्यरत निदान क्लेम्स रिजॉल्यूशन एलएलपी के नए कार्यालय का शहर में शुभारंभ हुआ. आरएनटी मार्ग स्थित मिलिंदा मेनार में शुरू हुए कार्यालय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ मनीष पोरवाल डॉ निखिलेश जैन, एडवोकेट पवन कुमार, एडवोकेट विनोद वर्मा और मोहम्मद खान थे. कार्यालय शुभारंभ के अवसर पर गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉबिन महेकाली ने बताया कि बीमा कराने के बाद कई बार पॉलिसीधारकों को क्लेम के समय परेशानियों का सामना करना पड़ता है. वैध क्लेम रिजेक्ट हो जाना, लंबे समय तक क्लेम लंबित रहना या अपेक्षा से कम राशि का सेटलमेंट होना जैसी समस्याओं के कारण उपभोक्ताओं को आर्थिक और मानसिक परेशानी उठानी पड़ती है. ऐसे मामलों में सही मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निदान क्लेम्स रिजॉल्यूशन कार्य कर रहा है. संस्था स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा, मोटर बीमा एवं अन्य सामान्य बीमा से जुड़े विवादित दावों में सेवाएं प्रदान करती है.

एमएसएमई विकास कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

इंदौर. स्वच्छता एक बार करके इतिश्री करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एक निरंतर अपनाने की प्रक्रिया है, जिसको सभी को अपनी आदत में डालना चाहिए।. स्वच्छता के लिए किये जाने वाला श्रम और संसाधन तब आधा रह जाता है जब हम इसके मुख्य सिद्धांत गंदगी नहीं करने को आदत में डाल लेते है. ये विचार एमएसमई विकास कार्यालय इंदौर में आयोजित स्वछता पखवाड़े के समापन समारोह में कार्यालय के संयुक्त निदेशक श्री नीरज अरोड़ा ने व्यक्त किये. जुलाई के दूसरे पखवाड़े मे आयोजित स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से मिलकर कार्यालय के बाहरी परिसर एवं कार्यालय के अंदर मौजूद फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक उपकरणों की सघन साफ -सफाई की. स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत कार्यालय पपरिसर में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया गया. स्वच्छता पखवाड़े के समापन समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ भी ली. स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों का समन्वय कार्यालय के सहायक निदेशक वेंकटाचलम टी. ने किया.

पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

इंदौर. महापौर पुष्यमित्र भार्गव के आह्वान पर आयोजित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी ने कहा कि यह अभियान प्रकृति एवं मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ युवाओं में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है.

मनावर में नवोदय विद्यालय की मांग, विधायक का धरना

- भाजपा मंडल अध्यक्षों को जनता के हित में आवाज नहीं उठा सकते तो इस्तीफा दे देना चाहिए : विधायक हीरालाल अलावा
- भौगोलिक दृष्टि से मनावर ही सबसे उपयुक्त स्थान

मनावर । नवीन स्वीकृत जवाहर नवोदय विद्यालय को मनावर के स्थान पर धरमपुरी तहसील के तारापुर में स्थापित किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में बुधवार को मनावर विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम कार्यालय के सामने लगभग दो घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मनावर एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और जवाहर नवोदय विद्यालय को मनावर में स्थापित किए जाने की मांग की।

उल्लेखनीय है कि 28 जुलाई को नवोदय विद्यालय संघर्ष समिति, मनावर ने विधायक डॉ. हीरालाल अलावा को ज्ञापन सौंपकर विद्यालय को मनावर तहसील में स्थापित कराने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था। इसके बाद विधायक ने आंदोलन का नेतृत्व करते हुए शासन से निर्णय पर पुनर्विचार की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि भौगोलिक स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाएं, यातायात और उपलब्ध संसाधनों को देखते हुए मनावर ही जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। गंधवानी विकासखंड के अंतिम गांवों तथा अलीराजपुर जिले की सीमा से तारापुर की दूरी लगभग 120 से 125 किलोमीटर होने के कारण विद्यार्थियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। वहीं सेमल्दा पुल बनने के बाद मनावर मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान से जुड़ा एक प्रमुख संपर्क केंद्र बन चुका है, जिससे दूर-दराज़ के विद्यार्थियों को भी सुविधा मिल सकेगी।

> धरने को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में शासन को पत्र लिखकर अपनी मांग से अवगत कराया है। यदि आवश्यकता पड़ी तो विद्यार्थियों के भविष्य और क्षेत्र के हित में आगे भी जनसंघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वयं मनावर को प्रस्तावित ग्रामीण जिले का मुख्यालय मानती रही है, इसलिए नवोदय विद्यालय की स्थापना भी मनावर में होना न्यायसंगत एवं जनहित में है।

मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला किसानों को मिलेगी राहत

सरदारपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए किसानों को यूरिया डीएपी खाद की हो रही समस्या को दुरस्त करने के लिए वर्तमान में टोकन प्रणाली को स्थगित कर दी है। इससे अब आसानी से किसानों खाद वितरण करने के निर्देश जारी कर किसान हितैषी भाजपा सरकार द्वारा अनुकरणीय कार्य किया है। किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष गंगाराम पाटीदार ने प्रदेश के समस्त किसानों की ओर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का अभिनन्दन स्वागत करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त करते हैं।

अरुण कुमरावत तीसरी बार पत्रकार संघ अध्यक्ष बने

डही । डही तहसील पत्रकार संघ ने एक बार फिर अपने नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमरावत को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया है। इस निर्णय के साथ उन्होंने अध्यक्ष पद पर हैट्रिक बनाते हुए संगठन में अपना मजबूत नेतृत्व कायम रखा है।

रविवार को आयोजित पत्रकार संघ की बैठक में उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने एकमत से अरुण कुमरावत के नाम का समर्थन किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कुमरावत ने अपने कार्यकाल के दौरान संगठन को मजबूती प्रदान करने, पत्रकारों के हितों की आवाज बुलंद करने तथा हर परिस्थिति में साथियों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहने का कार्य किया है।अरुण कुमरावत अपनी सक्रिय, बेबाक एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए क्षेत्र में अलग पहचान रखते हैं। उनके सरल, सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व के कारण संगठन में हमेशा एकता और सामंजस्य बना रहा। पत्रकार हितों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्यों एवं संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए सभी सदस्यों ने उन्हें पुन: अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री के नशामुक्ति संदेश से प्रेरित हुए विद्यार्थी

श्री सत्य साई विद्या विहार में हुआ लाइव प्रसारण

नवभारत न्यूज़

इंदौर. श्री सत्य साई विद्या विहार में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' विषयक राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक देखा. कार्यक्रम की शुरुआत नशामुक्ति की सामूहिक प्रतिज्ञा से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों पर आधारित प्रेरक नुक्कड़ नाटक का अवलोकन किया.

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशे से दूर रहकर अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच के साथ विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री का संबोधन ध्यानपूर्वक सुना, संवाद में भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया. विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करेगा. उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार, सेवा और आदर्श नागरिक निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है.

सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका सुनीता दुबे का सम्मान

एक ही संस्था में पूरे किए सेवा काल के 42 वर्ष

धार। एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय तिरला की शिक्षिका सुनीता दुबे की सेवानिवृत्ति पर संस्था से विदाई देकर ढोल-ढमाके के साथ उनके आवास धार तक लाया गया।

इसके बाद स्थानीय निजी गार्डन में आयोजित सेवानिवृत्ति कार्यक्रम रखा गया । आयोजन में गणेशदत्त दुबे, अशोक जोशी, पूर्व नपाध्यक्ष ममता जोशी, अभिभाषक शिरीष दुबे, एकता गुप्ता, अश्विनी जोशी, संदीप कानूनगो, तुषार शुक्ला, प्रेमलता उपाध्याय, विजया रावत, दिव्या व्यास, अंजलि शुक्ला ने दुबे के निष्ठापूर्वक सेवाकाल का उल्लेख करते हुए आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की । आयोजन में दुबे के पढ़ाएं हुए पूर्व छात्र भाजपा नेता विश्वास पांडे, वीरेंद्र पाटीदार, राहुल शर्मा और प्रदीप पाटीदार ने भी दुबे के कार्यकाल की सराहना करते हुए अपने विचार रखें । कार्यक्रम की शुरुआत में नन्ही बालिका आव्या व्यास ने गणपति वंदना की प्रस्तुति दी । इस अवसर पर संस्था परिवार , तिरला की ओर से अभिनंदन पत्र का वाचन शिक्षक ओंकार पटेल द्वारा किया गया । उल्लेखनीय है कि शिक्षिका सुनीता दुबे ने अपने 42 वर्ष की शासकीय सेवा तिरला के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय से ही पूर्ण की है । कार्यक्रम का संचालन डा . श्रीकांत द्विवेदी ने तथा राजेश शुक्ला द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।

जवाहर नवोदय विद्यालय में छठी में प्रवेश के लिए बुलाए आवेदन

आलीराजपुर । जवाहर नवोदय विद्यालय, आलीराजपुर में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए छठी में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन 28 नवंबर 2026 को किया जाएगा। विद्यालय में प्रवेश के लिए कुल 80 सीटें उपलब्ध हैं। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, आलीराजपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा में केवल वही विद्यार्थी आवेदन करने के पात्र होंगे, जो आलीराजपुर जिले के वास्तविक निवासी हों तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के किसी शासकीय अथवा शासन से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हों। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होना अनिवार्य है।

मार्तंड भैरव मंदिर परिसर में मराठा युवकों ने किया पौधारोपण

धार। क्षत्रिय मराठा समाज एवं क्षत्रिय मराठा समाज नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आज दशहरा मैदान स्थित मार्तंड भैरव मंदिर परिसर में पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा एक पेड़ पितृ की स्मृति के नाम यह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक कुमार साकोरे ने समाज की प्रथम बैठक में लिए गए प्रस्ताव एवं संकल्प की जानकारी दी। उन्होंने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी समाज बंधुओं से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार बांगर ने बताया कि लगभग 400 वर्ष पूर्व से ही यहाँ समाज बंधुओं द्वारा मल्हारी मार्तंड के ओटले पर पूजन करने के पश्चात ही रावण दहन की परंपरा चली आ रही है।

इस क्रम में सचिव श्री चेतन राव पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री मल्हार मार्तंड मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र ही व्यापक स्तर पर पूर्ण किया जाएगा। इसके साथ ही शेष रहे कार्य जैसे बगीचा, बैठक व्यवस्था, तार फेंसिंग एवं मरम्मत कार्य की स्वीकृति नगर पालिका परिषद से प्राप्त हो चुकी है। समाज की ओर से नगर पालिका परिषद एवं अन्य वरिष्ठ सदस्यों के प्रयासों से इसके लिए राशि मंजूर हो सकी है।

युवकों ने लिया हरियाली फैलाने का संकल्प

इस पौधारोपण कार्यक्रम में विजय बांगर एडवोकेट, अशोक कुमार साकोरे, अरुण नायकवाड़े, संभाजी राव गावड़े, अरुण मोहिते, चेतन राव पवार, दीपक कराले, जतिन कराले, विक्रम (बाला) रोंधले, राजेन्द्र कराले (राजू), अंकुर बांगर, सुनील जगताप, स्वप्निल शितोले (बाबा), नितिन शिवले, सयाजीराव मोहिते, पुनीत शिवले, कमलेश शिवले, अजय गावड़े, लोकेन्द्र गावड़े, अजय पवार, विजय शिंदे (गायकवाड़), संजय नायकवाड़े उपस्थित थे।

ग्रामीण अंचलों में आयुर्वेद और पंचकर्म चिकित्सा को मिलेगा नया आयाम

- डॉ. रमेश मुवेल पदोन्नति होकर बने जिला आयुष अधिकारी
- मनावर आयुर्वेद चिकित्सालय ग्रामीणों के लिए बनेगा वरदान

धार। ग्रामीण अंचलों में आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में मनावर में आयुर्वेद चिकित्सालय एवं पंचकर्म सुविधाओं का विस्तार किया गया है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक उपचार एवं पंचकर्म चिकित्सा का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगा।

डॉ. रमेश मुवेल के जिला आयुष अधिकारी के पद पर पदोन्नत होने से आयुष विभाग को अनुभवी नेतृत्व प्राप्त हुआ है। उनके मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं पंचकर्म जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विस्तार को नई गति मिलने की अपेक्षा है।

डॉ. मुवेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं की पहुंच बढ़ाना विभाग की प्राथमिकता है। संपूर्ण जिले में विकसित की गई सुविधाओं के माध्यम से पंचकर्म चिकित्सा को अधिक प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाया जाएगा, जिससे लोगों को विभिन्न रोगों के उपचार एवं स्वास्थ्य संवर्धन में लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित, प्रभावी एवं किफायती आयुर्वेदिक चिकित्सा उपलब्ध कराना है।

> एक छोटे से गांव के रहने वाले डॉ रमेश चंद्र मुवेल ग्राम राजू खेड़ी पोस्ट खंडलाई तहसील मनावर के रहने वाले 4 साल से प्रभारी जिला आयुष अधिकारी के रूप में कार्य करते रहे। आज वह पदोन्नति होकर जिला आयुष अधिकारी बने मनावर मैं पंचकर्म आयुष विंग के रूप में एक नए सिविल अस्पताल के पास दो डॉक्टरों की नियुक्ति कर पंचकर एम सेंटर का अथक प्रयास से अस्पताल बनाया।

एक नजर में

जेएमडी पैलेस में की गई समाजजनों की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

अग्रवाल समाज हरियाली तीज आकर्षक रुप से मनाएगा, होंगे कई कार्यक्रम

धार। अग्रवाल समाज धार की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक जेएमडी पैलेस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अग्रवाल समाज धार के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, महिला कार्यकारिणी एवं युवा जन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी 15 अगस्त को आयोजित होने वाली हरियाली तीज महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई और विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से महिला कार्यकारणी की बबिता अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, रीना अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मधु अग्रवाल एवं शीतल अग्रवाल उपस्थित थीं उक्त जानकारी वैभव अग्रवाल ने दी।

यह रहेंगे मुख्य आकर्षण और कार्यक्रम:मीडिया प्रभारी श्याम मंगल लेबड़ ने बताया कि 15 अगस्त को महोत्सव की शुरुआत सुबह 10 बजे अग्रसेन चौक पर झंडा वंदन के साथ होगी। इसके तुरंत बाद समाज बंधुओं द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से जेएमडी पैलेस में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष तीज मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई सांस्कृतिक व मनोरंजक गतिविधियां होंगी। महोत्सव का समापन शाम को अग्रवाल समाज के सामूहिक सहभोज के साथ होगा। बैठक में समाज के सभी कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।